CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 76 रायपुर, शुक्रवार 11 अप्रैल 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## कमर में बेड़ियां, हाथ-पैर में हथकड़ियां आतंकी राणा की उल्टी गिनती शुरू

**नई दिल्ली, 11 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** मुंबई हमले का मास्टर माइंड तहव्वुर राणा भारत लाया जा चुका है। एनआईए अदालत ने उसे 18 दिनों की कस्टडी में भेज दिया है। राणा को कल विशेष विमान से अमेरिका से दिल्ली लाया गया था। राणा को भारतीय अधिकारियों को यूएस मार्शल ने सौंपा था। इसी बीच अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस ने प्रत्यर्पण की तस्वीरें जारी की हैं। सामने आई तस्वीरों में आतंकी राणा बेड़ियों में जकड़ा नजर आ रहा है।

कैलिफोर्निया के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट में अमेरिकी मार्शलों ने मंगलवार को पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक तहव्वुर राणा की हिरासत भारत के विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधियों को सौंप दी थी। जिसके बाद भारतीय विमान ने बुधवार रात को अमेरिका से उड़ान भरी थी। बीच में विमान एक ब्रेक लिए था। जिसके बाद गुरुवार शाम 6 बजे के बाद दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरा। अजमल कसाब और जबीउद्दीन अंसारी उर्फ अबू जुंदाल के बाद राणा मुंबई आतंकी हमला मामले में भारत में मुकदमा चलाने वाला तीसरा व्यक्ति होगा।

राणा को गुरुवार देर रात जेल वैन, बख्तरबंद स्वाट वाहन और एम्बुलेंस सहित काफिले में पटियाला हाउस कोर्ट लाया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता दयान कृष्णन और विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र मान ने एनआईए का प्रतिनिधित्व किया। कार्यवाही से पहले विशेश अदालत के न्यायाधीश ने राणा से पूछा कि क्या उसके पास कोई वकील है? इस पर राणा ने कहा कि उसके पास कोई वकील नहीं है। जिसके बाद जज




ने उसे सूचित किया कि दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण से उसे एक वकील मुहैया कराया जा रहा है। उसके बाद अधिवक्ता पीयूष सचदेवा को उसका प्रतिनिधित्व करने के लिए नियुक्त किया गया। एजेंसी ने कहा कि राणा को लॉस एंजिलिस से एक विशेष विमान में एनआईए और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) की टीमों की सुरक्षा में दिल्ली लाया गया। इसमें वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। एयरपोर्ट पर एनआईए की जांच टीम ने सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद राणा को गिरफ्तार कर लिया और उसकी मेडिकल जांच कराई।

### एनआईए के मुख्यालय में कटी राणा की पहली रात, आज विशेष टीम मुंबई हमले के आतंकी से करेगी पूछताछ




26/11 मुंबई आतंकी हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा को शुक्रवार को आखिरकार भारत ले आया गया। विशेष विमान से भारत पहुंचे राणा को देर रात एनआईए ने विशेष अदालत में पेश किया। अदालत ने तहव्वुर राणा को 18 दिन की रिमांड पर एनआईए को सौंप दिया है। हालांकि एनआईए ने 20 दिन के कस्टडी के मांग की थी। आतंकी राणा की भारत में पहली रात एनआईए के मुख्यालय के बनी अंदर बनी सेल में कटी। आज राणा से एनआईए की विशेष टीम पूछताछ करेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस टीम में एनआईए के वरिष्ठ अधिकारी शामिल किए गए हैं। जो राणा से मुंबई हमले की साजिश को लेकर पूछताछ करेंगे।

### निर्भया के दोषियों को फांसी पर लटकाने वाले ये सीनियर वकील अब मास्टरमाइंड तहव्वुर हुसैन राणा को दिलाएंगे सजा

मुंबई में 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकवादी हमले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले तहव्वुर हुसैन राणा को हाल ही में अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया गया है। अब, भारतीय कानून के तहत उनके खिलाफ मुकदमा चलाया जाएगा। इस मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (ह्द्ध) की ओर से वरिष्ठ वकील दयान कृष्णन अदालत में पक्ष रखेंगे। अन्य प्रमुख मामले- दयान कृष्णन ने संसद हमले, कावेरी नदी जल विवाद, दूरसंचार मामलों, गोवा बाल शोषण कांड, नीतीश कटारा हत्या मामले और उपहार अग्निकांड जैसे कई हाई-प्रोफाइल मामलों में भी सरकार की ओर से अदालत में प्रतिनिधित्व किया है। एनआईएकी अभियोजन टीम में दयान कृष्णन के साथ विशेष अभियोजक नरेंद्र मान भी शामिल होंगे, जिन्होंने पहले दिल्ली हाईकोर्ट में सीबीआई का प्रतिनिधित्व किया है। यह टीम तहव्वुर राणा के खिलाफ एक मजबूत मामला बनाने के लिए मिलकर काम करेगी, ताकि न्याय सुनिश्चित किया जा सके।

## वन विभाग के कर्मचारी के घर एसीबी-ईओडब्ल्यू ने मारा छापा

**सुकमा, 11 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ में तेंदूपत्ता बोनस घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में एसीबी-ईओडब्ल्यू की छापेमार कार्रवाई लगातार दूसरे दि जारी है. सुकमा और कोंटा के बाद आज दोरनापाल में वन विभाग के एक कर्मचारी के घर पर एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने रेड की है. टीम सुबह से ही कर्मचारी के घर पर मौजूद है और जांच जारी है. गुरुवार को इनके घर पर पड़ा था छापा- सीपीआई नेता मनीष कुंजाम, कोंटा प्रबंधक मो. शरीफ़



खान,पालाचलमा प्रबंधक सीएच वेंकट, फूलबगड़ी प्रबंधक राजशेखर पुराणिक, जगरगुंडा प्रबंधक रवि गुप्ता, मिशिगुडा प्रबंधक राजेश आयतु, एर्राबोर प्रबंधक मितेंद्र सिंह राजू, पेदाबोडकेल प्रबंधक सुनील, जग्गावरम प्रबंधक मनोज कवासी शामिल हैं। बता दें कि तेंदूपत्ता बोनस घोटाले में पहले डीएफओ अशोक पटेल को निलंबित किया गया था. इसके बाद कुछ दिन पहले रायगढ़, जगदलपुर, दंतेवाड़ा और बीजापुर में भी इसी मामले में कार्रवाई हुई थी. टीम मामले की जांच कर रही है।

## सुबह-सुबह हुआ सड़क हादसा, ऑटो के परखच्चे उड़े, तेज रफ्तार कार ने मचाया कहर

**दुर्ग, 11 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** दुर्ग में सुबह सुबह एक सड़क हादसे में आटो में सवार होकर सफाई का काम करने जा रही 8 सफाई कर्मी महिलाएं और आटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत जिला अस्पताल दुर्ग ले जाया गया। वहां 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्ग पुलिस मामले की जांच कर रही है। दुर्घटना शुक्रवार 11 अप्रैल सुबह 6 बजे की है। चंदखुरी और कोल्हियापुरी क्षेत्र से निगम के कई सफाई कर्मी हर दिन सुबह ड्यूटी पर आते हैं। वो लोग एक आटो में आए। सुबह 6 बजे आटो ने एक सफाई कर्मी को दुर्ग विशाल मेगामार्ट के सामने उतारा। इसके बाद उसने आटो को सड़क किनारे खड़ा कर एक महिला का इंतजार करने लगा।

इसी दौरान जेल चौक से उल्टी तरफ से एक किया एसयूवी कार सीजी 07 सीवी 1947 तेज रफ्तार में आई और आटो को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि आटो के परखच्चे उड़ गए, वहीं कार के सामने का बोनट पूरा क्षतिग्रस्त हो गया और एयर बैग तक खुल गए। कार में सवार चालक और अन्य तो सुरक्षित बच गए, लेकिन आटो चाल और उसमें सवाल महिलाएं गंभीर रूप



से घायल हो गईं। सूचना मिलते ही पद्मनाभपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने 112 की मदद से सभी घायलों को दुर्ग जिला अस्पताल भेजा। वहां 5 महिलाओं की हालत सामान्य है तो वहीं 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है। पुलिस का कहना है कि वो मामले की जांच कर रही है। जैसे ही दुर्घटना की सूचना दुर्ग महापौर अल्का बाघमार और दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव को हुई वो तुरंत जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायल को हालचाल लिया और कहा कि कार चालक की गलती से ऐसा हुआ है। इस कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं पूर्व विधायक अरुण वोरा भी घायलों को देखने अस्पताल पहुंचे।

## ब्रेकिंग न्यूज

### काशी मेरी और मैं काशी का हूं : मोदी

**नई दिल्ली, 11 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** पीएम ने कहा साथियों आज मैं एक बात और भी कहना चाहूंगा। महात्मा फुले जी जैसे त्यागी तपस्वी



महापुरुषों के प्रेरणा से ही देश सेवा का हमारा मंत्र रहा है। सबका साथ सबका विकास हम देश के लिए उसे विचार को लेकर के चलते हैं। जिसका समर्पित भाव है सबका साथ सबका विकास। जो लोग सत्ता पाने के लिए दिन रात खेल- खेलते रहते हैं उनके सिद्धांत हैं परिवार का साथ परिवार का विकास। आज मैं सबका साथ सबका विकास के संकल्प को साकार करने की दिशा में पूर्वांचल के पशुपालक परिवारों को विशेष रूप से आगे बढ़ा रहे हैं। हमारी मेहनतकश बहनों को विशेष बधाई देता हूं। इन बहनों ने बता दिया है, अगर भरोसा किया जाए तो वह भरोसा नया इतिहास रच देता है।




चूहा- सुनती हो, प्रदेश सरकार का मंत्रीमंडल विस्तार आखिर में टल गया।
चुहिया- हां जी, शिकायत पत्र समाधान बॉक्स में डाल देते तो नहीं टलता!

## पीएम ऋण योजना के नाम पर किसान से 4.5 लाख की ठगी, लोन दिलाने का झांसा देकर लूटा, आरोपी फरार

**बिलासपुर, 11 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के न्यायधानी बिलासपुर में प्रधानमंत्री ऋण योजना के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है. जहां ठग ने किसान को 6 लाख लोन का झांसा देकर दस्तावेज और ब्लैंक चेक जमा कराया गया. और फिर चेक से 4.5 लाख रुपए उड़ाकर फरार हो गया. मामला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का है। पैसे ट्रांसफर होने के मैसेज ने पीड़ित किसान के होश उड़ा दिए, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की. किसान अमित कुमार सिरगिट्टी क्षेत्र के ग्राम सारधा में रहने वाला निर्णेजक किसान है. उसकी पहचान गांव के नजदीक रहने वाले मनोहर रात्रे से हुई. मनोहर का गांव में अक्सर आना-जाना लगा रहता था. 1 अप्रैल को आरोपी मनोहर ने किसान अमित को प्रधानमंत्री ऋण योजना के तहत 6 लाख रुपए के लोन दिलाने की बात कही. इस बहाने उसने अमित से उसका आधार, पैन




कार्ड, राशन कार्ड, पासबुक की फोटो कॉपी और ब्लैंक चेक ले गया. अमित लोन मिलने का इंतजार कर रहा था. लेकिन 4 अप्रैल को आरोपी मनोहर ने किसान के बैंक में चेक लगाकर 4.50 लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए. जब बैंक खाते से लाखों रुपए दूसरे खाते में ट्रांसफर होने का मैसेज आया तो किसान अमित के होश उड़ गए. इसके बाद से उसने मनोहर को कॉल किया, तो उसका फोन बंद आ रहा है. फिलहाल पुलिस आरोपी मनोहर की तलाश में जुटी है।

### सीएम साय तीन विभागों की लेंगे समीक्षा बैठक

**रायपुर, 11 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज तीन विभागों की समीक्षा बैठक लेंगे. इन बैठकों में खनिज संसाधन, जल वायु परिवर्तन और पर्यटन विभाग की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा सीएम आज पाठ्य पुस्तक निगम, छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउस कारपोरेशन और छत्तीसगढ़ मिनरल कारपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष पदभार ग्रहण समारोह में शिरकत करेंगे।

## हेलीकॉप्टर आसमान से सीधा नदी में गिरा, 6 लोगों की मौत

**नई दिल्ली, 11 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** न्यूयॉर्क शहर में हाल ही में एक दुखद हेलीकॉप्टर दुर्घटना घटी, जिसमें एक स्पेनिश परिवार के सभी छह सदस्य अपनी जान गंवा बैठे। यह हादसा 10 अप्रैल 2025 को अपराह्न लगभग 3.15 बजे हुआ, जब बेल 206 मॉडल का हेलीकॉप्टर हडसन नदी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलीकॉप्टर ने डाउनटाउन मैनहट्टन हेलिपोर्ट से उड़ान भरी थी और शहर के दक्षिणी हिस्से में स्टैच्यू ऑफ़ लिबर्टी के पास चक्कर लगाने के बाद मैनहट्टन के पश्चिमी तट के उड़ान भरी। कुछ ही समय बाद, हेलीकॉप्टर ने जॉर्ज वॉशिंगटन ब्रिज के पास मोड़ लिया और न्यू जर्सी के तट की ओर दक्षिण की ओर बढ़ा। लगभग 3.15 बजे, हेलीकॉप्टर ने हवा में टूटकर हडसन नदी में गिर गया।



दुर्घटना में मारे गए सभी छह लोग स्पेन से थे। उनमें सिएमेंस स्पेन के अध्यक्ष अगस्टिन एस्कोबार, उनकी पत्नी मर्से कैमप्रूबी मोंटाल, और उनके तीन बच्चे (4, 5 और 11 वर्ष के) शामिल थे। पायलट की पहचान अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है। फेडरल एविएशन अथॉरिटीऔर नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, दुर्घटना से पहले हेलीकॉप्टर से एक रोटर ब्लेड गिरते देखा गया था, और यह हवा में घूमते हुए गिरा। अधिकारियों ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी रखी है। यह हादसा मैनहट्टन में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं की एक लंबी सूची में नवीनतम है, जिसमें 2009 और 2018 में भी इसी तरह के हादसे शामिल हैं। स्थानीय अधिकारियों ने इस क्षेत्र में हवाई सुरक्षा उपायों की समीक्षा करने का वादा किया है ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।




CMYK